जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री विद्यालय    कक्षा – 3    विषय – हिंदी ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य    सेट – अ

**१. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

प्रश्न१. भाषा किसे कहते हैं भाषा के कितने रूप होते हैं ?    प्रश्न२. लिपि किसे कहते हैं?

**२. निम्नलिखित वाक्यों में भाषा के किस रूप का प्रयोग किया गया है लिखिए।**

क. फोन पर बात करना -    ख. रेडियो सुनना    ग. अखबार पढ़ना

घ. ई - मेल करना    ङ. भाषण सुनना    च. मैसेज पढ़ना -

**३. दिए गए वर्ण-समूहों में अनुनासिक अथवा अनुस्वार के चिह्न लगाइए।।**

क. गाव    ख. कघा    ग. मै    घ. आधी    ङ. ससार    च. चादनी    छ. मदिर    ज. पाव

**४. दिए गए स्वरों की मात्राओं का प्रयोग करके उनसे चार- चार शब्द लिखिए।**

आ    ऊ    ई    ओ    ऋ    ओ    ऊ    ए    इ    ऐ

**५. निम्न शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखिए-**

क. आज    ख. मोटा    ग. अंदर    घ. पास    ङ. छोटा    च. आगे    छ. सरल    ज. मोटा

**६. निम्न शब्दों में से स्त्रीलिंग और पुल्लिंग शब्दों को छांट कर अलग-अलग लिखिए।**

चाचा, हंसिनी, बेटा, बेटी, राजा, गाय, रानी, लेखिका, हंस, चाची, लेखक, बैल

**७. रचनात्मक प्रश्न**

क. तुम्हें कौन सा खेल सबसे ज्यादा पसंद है और क्यों ? तुम वह खेल कब और किसके साथ खेलते हो?

ख. तुम्हें अपने मम्मी पापा क्यों अच्छे लगते हैं वे तुम्हारे लिए क्या-क्या करते हैं?

ग. अगर तुम्हे एक दिन के लिए जानवर बनने का अवसर मिले तो तुम कौन सा जानवर बनना चाहोगे और क्यों ?

घ. तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त कौन है तुम उसे क्यों पसंद करते हो? उसके विषय में लिखो।

ङ अपने किसी मनपसंद खिलौने का चित्र बनाओं और उसके ऊपर १० वाक्य लिखो।

च तुम्हें छुटटी के दिन क्या करना अच्छा लगता है कोई तीन काम के बारे में लिखो।

छ. तुम्हारा जन्मदिन कब आता है तुम उस दिन क्या-क्या करते हो

**८.प्रत्येक शब्द के अंतिम वर्ण से नया शब्द बनाकर शब्द-लड़ी पूरी करें।**

टमाटर , रस , ______ , _______ , _______ , _____ , ______ , ______,______, _______, _____

**९. निम्नलिखित शब्दों में जो पर्यायवाची नहीं है, उस पर गोला लगाइए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. हाथी | गज | परमात्मा | मतंग | हस्ती |
| ख. धरती | तरु | पृथ्वी | भूमि | धरा |
| ग. वारि | नीर | नयन | जल | पानी |
| घ. सागर | नदी | जलधि | सिंधु | समुद्र |

ङ. पेड़ पौधा तरु वृक्ष विटप

**१०. निर्देशानुसार नाम लिखिए।**

क. किन्हीं चार मित्रों के नाम
ख. किन्हीं चार देशों के नाम
ग. किन्हीं चार वाहनों के नाम
घ. किन्हीं चार नदियों के नाम
ड़. किन्हीं चार पर्वतों के नाम
च. किन्हीं चार जानवरों के नाम
छ. किन्हीं चार पक्षियों के नाम
ज. किन्हीं चार फलों के नाम

**११. निम्न वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करो।**

क. मुझे बहुत भूख लगी है।
ख. बाहर कौन आया है।
ग. आप किस शहर में रहते हो।
घ. मेरा घर पास ही है।
ड़. दूध में कुछ गिरा है।
च. गाना कौन गा रहा है।
छ. यह किसका घर है?
ज. आज कौन सा दिन है।
झ. वह कौन आ रहा है।

**१२. अपठित गद्यांश।**

**निम्न अपठित गद्यांश को पढ़ कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

एक गाँव में बहुत सारे चूहे रहते थे। वे एक बिल्ली से बहुत डरते थे। एक दिन, चूहों ने मिलकर तय किया कि बिल्ली के गले में घंटी बाँध दी जाए। सब खुश हुए, लेकिन जब घंटी बाँधने की बारी आई, तो कोई भी चूहा आगे नहीं आया।

प्र०१. चूहे किससे डरते थे?
प्र०२. चूहों ने क्या योजना बनाई?
प्र०३. क्या कोई चूहा घंटी बाँधने के लिए आगे आया?
प्र०४. इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है?

जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री विद्यालय    कक्षा – ३    विषय – हिंदी  ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य    सेट – ब

**१. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर सोचकर लिखिए।**

हम सभी में कोई ना कोई विशेषता होती है आप अपने सहपाठी की कौन सी बात सीखना चाहते हैं कोई भी तीन बातों के बारे में लिखिए।

**२. कविता 'सीखो' में किससे सीखने की बात आपको सबसे अच्छी लगी उसका चित्र बनाइए और नाम लिखिए।**

**३. आपने अपने आसपास, घर और विद्यालय में कौन-कौन सी जीव जंतु देखा है? उनके नाम लिखिए।**

**४. नीचे दी गई तालिका में पैरों की संख्या के अनुसार पांच- पांच जीवों के नाम लिखिए और उनका चित्र बनाइए।**

क. शून्य पैर वाले ,   ख. दो पैर वाले,   ग. चार पैर वाले   घ. छह पैर वाले,   ङ. आठ पैर वाले

**५. नीचे दिए गए शब्दों को उलटकर लिखिए और उनसे नए शब्द बनाइए। जैसे- नदी- दीन**

बस,  दबा,  हीरा,  नीरा,  रीना,  नीची,  ताने,  राह,  जाम,  मना

**६. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करिए।**

पथ, कोमल, शीश, इरादे, बरसात, उपयोग, आनंद, उदास, अवश्य, प्रसन्न, देखभाल.

**७. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उसे पर १० वाक्य लिखो।**



**८. आपने अपनी गर्मी की छुट्टियों में क्या-क्या किया इस विषय पर एक निबंध लिखिए।**

**९. नीचे दिए गए शब्दों में से तुक मिलाने वाले शब्दों को ढूँढ़कर लिखिए।  जैसे:-  रानी-पानी**

लाती, आकर,  कहेंगे,  जब,  तिनके,  तब,  बनाती,  रहेंगे,  जाकर,  जिनके

**१०. निम्न खाली स्थान में एक वचन या बहुवचन के सही रूप भर कर वाक्य पूरा करिए।**

क. मैंने एक________ को देखा।  (फूल / फूलों)

ख. बच्चे______पढ़ रहे हैं। (पुस्तक/ पुस्तकें)

ग. बगीचे में कई_____उड़ रहे हैं। (पक्षियों / पक्षी)

घ. माँ ने एक______ बनाई। (रोटी / रोटियाँ)

ड़ मेरे पास दो________हैं। (कुर्सी / कुर्सियाँ)

च. मेले में बहुत______ हैं। (दुकान / दुकानें)

छ. मेरे पास एक______ हैं। (गाड़ी / गाड़ियाँ)

**११. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरिएः-**

वह , उसके , हमारे , मैं , मुझे , उसकी , उसका , तुम्हारी , अपने , मैं , मेरा , तुम

१.___क्या पढ़ रहा है?

२. ___ कल अपने मामा के घर जाऊँगा।

३. वे______ मित्र हैं।

४. ___ यहाँ क्या कर रहे हो?

५.______ पत्र लिख रहा हूँ।

६. ___बहुत भूख लगी है।

७.______बहन सुंदर है।

८. ______ बस्ता भारी है।

९. राजू_______ स्कूल जा रहा है।

१०. _______ पिताजी डॉक्टर हैं।

**१२. १ से ५० तक गिनती अंकों व शब्दों में लिखो।**

नोट- अनुक्रमांक 1 से 4 तक के बच्चे लिंग का चार्ट बनाएंगे, 5 से 8 तक के बच्चे विलोम का चार्ट बनाएंगे, 9 से 12 तक के बच्चे पर्यायवाची का चार्ट बनाएंगे और 13 से 16 तक के बच्चे वचन का चार्ट बनाएंगे, बाकी बच्चे कविता '**सीखो**' या '**चींटी**' का चार्ट बनाएंगे ।

**नोट- दिया गया ग्रीष्मकालीन अवकाश कार्य एक पतली सी नोटबुक बनाकर उसमें करेंगे।**

**** Practice such exercises on daily basis***